प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री संखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कांगड़ में 7 हज़ार 2 सौ 80 महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि के तहत 3 महीने की सम्मान निधि की जारी।
- केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने सिकल सैल रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर दिया बल।
- प्रदेश में जाइका परियोजना के उत्कृष्ट कार्य को देखने श्रीलंका के प्रतिनिधि हिमाचल दौरे पर– परियोजना के तहत हुए कार्य को सराहा।
- प्रदेश के कई स्थानों में हुई वर्षा से लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत– पेयजल संकट से निपटने में मिलेगी मदद।

सुखविंदर सिंह सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज ऊना जिले के हरोली स्थित कांगड़ मैदान में आयोजित समारोह में 7 हजार 2 सौ 80 महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख– सम्मान निधि के तहत तीन महीने की सम्मान निधि के रूप में 3 करोड़ 27 लाख रुपए जारी किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लाभार्थी महिलाओं को चेक भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 18 से 59 वर्ष आयु की 48 हजार से अधिक महिलाओं को 45–45 सौ रुपए तीन महीने की सम्मान–निधि के तौर पर जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस योजना के तहत 23 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा प्रदेश की महिलाओं को योजना के बारे में लगातार गुमराह कर इसे लागू करने में अड़ंगे लगाती रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर महीने पात्र महिलाओं को 15 सौ रुपए प्रदान करना सुनिश्चित करेगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को खराब किया लेकिन अब वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश में धीरे–धीरे अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हिमकेप्स लॉ एवं नर्सिंग कॉलेज बढेड़ा में जीएनएम की सीटें 40 से बढ़ाकर 60 करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ये एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की शुरूआत हरोली से करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

जुएल ओराम

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने कहा है कि सिकल सेल रोग के बारे में सबसे बड़ा भ्रम यह है कि इससे केवल जनजातीय लोग ही प्रभावित होते हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स, नई दिल्ली में आज इस रोग के बारे में जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक होना चाहिए क्योंकि यह किसी को भी प्रभावित कर सकती है। जुएल ओराम ने कहा कि इस रोग की जांच के लिए ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जमीनी स्तर पर काम किया जाना जरूरी है। इस रोग की रोकथाम में सभी मंत्रालयों, विभागों, संस्थानों का एक–दूसरे के साथ सहयोग किया जाना आवश्यंक है।

उपचुनाव

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में होने वाले उपचुनावों के लिए आज दो नामांकन पत्र दाखिल हुए। राज्य निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन के पांचवें दिन नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा ने अपना नामांकन पद दाखिल किया। इसी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की कवरिंग उम्मीदवार परमिंदर कौर बावा ने भी अपना नामांकन दाखिल किया जबकि देहरा व हमीरपुर विधानसभा क्षेत्रों में आज कोई भी नामांकन नहीं भरा गया। नामांकन पत्र 21 जून तक दाखिल किए जा सकेंगे जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को मतदान होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और कांग्रेस के विधायकों की संख्या 38 हो चुकी है। वे आज नालागढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नालागढ़ में धनवान गुणवान के बीच मुकाबला है और ये चुनाव राजनीतिक सुचिता व स्वच्छता के लिए है। उन्होंने कहा कि तीन पूर्व निर्दलीय विधायक अपना इमान बेचने के बाद भाजपा के गुलाम हो चुके हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस तीनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप चुनावों में जीत हासिल करेगी और जनता भाजपा के झूठ व फरेब को भलीभांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने 16 महीने के कार्यकाल में 10 में से पांच गारंटियों को पूरा कर लिया है और सरकार सभी गारंटियों को पूरा कर 2027 तक हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएगी। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी हरदीप सिंह बाबा को विजयी बनाने का भी लोगों से आग्रह किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रपति जन्मदिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्म दिवस के अवसर पर कल आकाशवाणी से एक विशेष साक्षात्कार का प्रसारण किया जाएगा। राष्ट्रपति का साक्षात्कार पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा लिया गया है। इस साक्षात्कार का प्रसारण आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों के अलावा आकाशवाणी गोल्ड पर सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर किया जाएगा।

जाइका

श्रीलंका में हिमाचल प्रदेश जाइका परियोजना का मॉडल बनेगा। प्रदेश में जाइका वानिकी परियोजना के उत्कृष्ट कार्य को देखने के लिए श्रीलंका के विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों ने आज धर्मशाला में ये बात कही। पडोसी राष्ट्र श्रीलंका के विभिन्न मंत्रालयों के 10 प्रतिनिधि और जाइका इंडिया की प्रौजेक्ट फॉर्मूलेशन एडवाईजर इनागाकी युकारी दो दिवसीय हिमाचल दौरे पर है। अपने दौरे के पहले दिन श्रीलंका की टीम ने वन मंडल धर्मशाला के करेरी में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि जाइका परियोजना के तहत हिमाचल में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं श्रीलंका की तुलना में बेहतरीन कार्य कर रही है। इस अवसर पर जाइका इंडिया की प्रौजेक्ट फॉर्मूलेशन एडवाईजर इनागाकी युकारी ने महिलाओं के सशक्तिकरण और आजीविका सुधार पर बल दिया। बाद में श्रीलंका की टीम ने गोपालपुर स्थित जाइका मार्किटिंग आउटलेट का दौरा भी किया।

योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10वें संस्करण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर शशांकासन का प्रदर्शन करते हुए एक वीडियो साझा किया। वीडियो में आसन के स्वास्थ्य लाभों का वर्णन किया गया है और इसे करने के तरीके के बारे में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिमला के योग गुरू वीर सिंह चौहान ने लोगों से शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग अपनाने का आह्वान किया है।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम ने करवट ली है और राजधानी शिमला सहित राज्य के कई जिलों में जोरदार वर्षा होने से लोगों को भीष्ण गर्मी से कुछ राहत मिली है। वर्षा से पेयजल संकट से निपटने में मदद मिलेगी और मक्की सहित अन्य फसलों की बिजाई के लिए भी ये वर्षा वरदान साबित होगी। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिंमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि प्रदेश में आज और कल पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा, जिसके चलते अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जून माह के अंत तक

प्रदेश में मॉनसून दस्तक दे सकता है। सुरेंद्र पॉल ने बताया कि वर्षा से तापमान में कुछ गिरावट आएगी। हालांकि ऊना, बिलासपुर और सिरमौर में हीट वेव जारी रहने का अनुमान है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए निरंतर तत्परता से कार्य कर रही है। किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में आज जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए तत्परता से कार्य करने को कहा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न विकासात्मक कार्यों व समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

हषवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश में शिकायत निवारण समिति सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने आज नाहन में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। हर्षवर्धन चौहान ने अधिकारियों को चंदोल उप मंडल के तहत आने वाली सभी पंचायतों की पीसी बस्तियों को उठाउ पेयजल योजना का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाला क्यार में उठाउ पेयजल व सिंचाई योजना को सुचारू करने और नेरी पुल–पुलवाहन सड़क को बलैक स्पॉट को लेकर कार्य करने को भी कहा। बैठक में अवगत करवाया गया कि पावंटा साहिब उपमंडल के माजरा में मल निकासी योजना के लिए भूमि की आवश्यकता के लिए अनापत्ति प्रदान की जा चुकी है।

राजेश धर्माणी

ऊना का तीन दिवसीय जिला स्तरीय ऐतिहासिक पिपलू मेला आज धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। मेले के समापन अवसर पर शहरी व नगर नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। राजेश धर्माणी ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा और जल्द ही ये क्षेत्र विश्व पर्यटन मानचित्र पर देखने को मिलेगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री संखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कांगड़ में 7 हज़ार 2 सौ 80 महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि के तहत 3 महीने की सम्मान निधि की जारी।
- केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने सिकल सैल रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर दिया बल।
- प्रदेश में जाइका परियोजना के उत्कृष्ट कार्य को देखने श्रीलंका के प्रतिनिधि हिमाचल दौरे पर– परियोजना के तहत हुए कार्य को सराहा।
- प्रदेश के कई स्थानों में हुई वर्षा से लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत– पेयजल संकट से निपटने में मिलेगी मदद।

....................................